हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

06 दान-पुण्य व मौन साधनाः कड़ाके की ठंड में भी नहीं ...



08 जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई...





## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सीहोर।** पुलिस ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय द्वारा पहले ही 6 माह के कारावास की सजा सुनाई जा चुकी थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चेक बाउंस प्रकरण में दोषी फरार आरोपी संदीप वर्मा भोपाल के जवाहर चौक क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बिलकिसगंज उप निरीक्षक संदीप मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर भोपाल रवाना की गई। टीम ने दबिश देकर आरोपी संदीप वर्मा, निवासी ग्राम खेड़ली, को गिरफ्तार किया।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### आज से होगी भागवत कथा व प्राण-प्रतिष्ठा

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाके पर हर साल की तरह इस साल भी कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय के द्वारा रविवार से संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर स्थल के पास भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। हर साल शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने की अपील की है। कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा में पहले दिन भागवत का महत्व के अलावा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र आदि का वर्णन विस्तार किया जाएगा।

## मौनी अमावस्या: नर्मदा स्नान और सलकनपुर दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, ब्रह्म मुहूर्त से नर्मदा तट पर गूंजे जयकारे

# सलकनपुर पहाड़ी मार्ग पर दिनभर रेंगते रहे वाहन, 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मौनी अमावस्या पर सीहोर जिले के नीलकंठ घाट, आंवलीघाट, सीलकंठ सहित अन्य नर्मदा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माघ मास की पावन मौनी अमावस्या पर रविवार को नर्मदा अंचल श्रद्धा और भक्ति में सराबोर नजर आया। अलसुबह ब्रह्म मुहूर्त में करीब पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। घाटों पर "हर-हर नर्मदे" और "नर्मदे हर" के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालु स्नान के साथ-साथ पूजन-पाठ, कथा और तर्पण करते नजर आए। यह पुण्य स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक लगातार जारी रहा।

### नीलकंठ और आंवली घाट बने श्रद्धा के केंद्र

मौनी अमावस्या पर सीहोर जिले के नीलकंठ घाट, आंवलीघाट, सीलकंठ सहित अन्य नर्मदा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खासतौर पर नीलकंठ घाट और आंवलीघाट श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने रहे। भैरूंदा तहसील के समीप स्थित नीलकंठ घाट पर भगवान शिव के नीलकंठेश्वर स्वरूप का प्राचीन और सिद्ध मंदिर स्थापित है। मान्यता है कि यहां मां नर्मदा में स्नान और भगवान नीलकंठेश्वर के दर्शन से जन्म-जन्मांतर के कष्ट दूर हो जाते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां मिलने वाला पुण्य काशी जैसे तीर्थों के समान फलदायी होता है।

### सलकनपुर धाम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

नर्मदा स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवीधाम सलकनपुर में मां बीजासन के दर्शन के लिए पहुंचे। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सलकनपुर धाम में आस्था का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। रविवार को करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शन किए। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्र तक भक्तों की भीड़ लगी रही और "जय माता दी" के जयघोष लगातार गूंजते रहे। श्रद्धालु मातारानी से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते नजर आए।







### रोपवे बंद, सीढ़ी व सड़क मार्ग पर घंटों जाम

इस दौरान सलकनपुर में मां बीजासन रोपवे सेवा अस्थायी रूप से बंद रहने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कन्वेयर रोपवे सर्विस, कोलकाता द्वारा संचालित रोपवे 16 जनवरी से 20 जनवरी तक तकनीकी रखरखाव और सुरक्षा जांच के चलते बंद है। रोपवे बंद होने से श्रद्धालुओं को सीढ़ी मार्ग और सड़क मार्ग से ही दर्शन करने पड़े, जिससे दोनों मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। भारी भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और धैर्य देखते ही बनता था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या पर मौन रहकर स्नान, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की पूजा से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने कठिनाइयों के बावजूद दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।




# अयोध्या तो झांकी है मथुरा काशी अभी बाकी है, हिंदू-सिख भाई-भाईः जगदीश कुशवाहा

**सीहोर।** काला पहाड़ पर रविवार को वंदे मातरम का जय घोष गूंज उठा। हजारों सनातन धर्मियों ने हर हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगाया। विराट हिंदू सम्मेलन में मोगरा मंडल के 13 से अधिक गांव के महिला पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। सनातन धर्मियों को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा और अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ की पदाधिकारी रमिला परमार, पूरण मेवाड़ा, योगेश वर्मा ने मार्गदर्शन दिया।

भगवान श्री राम दरबार और हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित राजेश शर्मा और काला पहाड़ हनुमान मंदिर समिति सहित 13 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने शुभारंभ किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हिंदू सनातन धर्म के द्वारा ही हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। इसी श्रेणी में रविवार को काला पहाड़ पर मोगरा मंडल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों सनातन धर्मियों के हित के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि अब इस देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है लैंड जिहाद लव जिहाद थूक जिहादी वोट जिहाद नहीं चलेगा। कट्टरपंथियों को अब मुंह तोड़ जवाब मिल रहा है। हिंदू संगठन दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। भाई गंगा गांव को हमें बचाना है उन्होंने कहा कि हिंदू और सिख भाई-भाई हो सकते हैं और कोई नहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन ने कहा कि हम अब बटेंगे नहीं जात पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई-भाई की नीति पर चलेंगे और देश को विश्व गुरु बनाएंगे। गाय माता को काटने से बचाएंगे गांव को सुरक्षित रखेंगे और और पवित्र गंगा को भी स्वच्छ रखेंगे। विराट हिंदू सम्मेलन में हसनाबाद, आमाझिर, मोगराराम, अल्हड़ाखेड़ी, सारंगाखेड़ी, जहांगीरपुरा, नयापुरा, काला पहाड़, धबोटी, धामनखेड़ा, कहरी, अवंतीनगर सहित अनेक गांवों के महिला पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।



# न्यूनतम तापमान तीन दिन से 5.5 पर स्थिर, कड़ाके की ठंड का असर जारी

## बदला मौसम, बादल छाए मावठा गिरने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में पिछले चार दिनों से मौसम में काफी बदलाव देखने को मिला है। तीन दिन पहले यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिन न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रविवार को न्यूनतम तापमान फिर से 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। आज अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही आज पहली बार मौसम में काले और घने बादल छा गए, जिसके कारण सुबह से ही सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी का दौर जारी रहा।



**अगले कुछ दिनों में मावठा गिरने की संभावनाः** मौसम विभाग ने बताया कि बादलों की घनीता बढ़ने से अगले दिनों मावठे गिरने की संभावना है। सीहोर जिले में पिछले डेढ़ महीने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिसंबर में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री से नीचे रहा और जनवरी में भी शीतलहर जारी रही। लेकिन आज से मौसम में बदलाव आया है। आसमान पर बादल छा जाने और हवा का रुख दक्षिण-पूर्व की ओर होने से ठंड में कमी महसूस हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि जैसे-जैसे बादल और अधिक घने होते जाएंगे, निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में मावठे गिरने की संभावना बढ़ेगी।

## गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ दरबार पहुंचे ग्रामीण

# आस्था का अद्भुत दृश्य, चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर उमड़ा जनसैलाब, दुख-दर्द हुए दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में रविवार की सुबह ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर देखने-सुनने वाले के मन को आस्था और विश्वास से भर दिया। आधुनिकता की तेज़ रफ्तार के बीच भी जब ग्रामीण अंचल में देवी-देवताओं की परंपरागत आस्था जीवंत रूप में सामने आती है, तो उसे चमत्कार कहें या अटूट श्रद्धा-यह तय कर पाना कठिन हो जाता है। चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर जो कुछ घटित हुआ, उसने सैकड़ों लोगों के दिलों में उम्मीद की लौ जगा दी। सुबह होते ही चंदेरी के अलावा पिपलिया मीरा, भगवानपुरा, आलमपुरा, बिलकिसगंज, अल्हदाखेड़ी, चौंदी, तज, अमरोद, खामलिया, थूना, पचामा, नयापुरा, बैरागढ़ खुमान, मगरखेड़, जमनी, पड़ली, सेवनिया, अवंतीपुरा, कौड़िया सहित आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों से ग्रामीण गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ देवधर्मी की गादी पर पहुंचे। महिलाएं सिर पर कलश लिए, पुरुष जयकारे लगाते और बच्चे उत्सुक निगाहों से इस अनोखे दृश्य को देख रहे थे। एक किलोमीटर से भी लंबी कलश यात्रा ने पूरे गांव को मानो मेले में बदल दिया। हर चेहरे पर उम्मीद थी—किसी को बीमारी से मुक्ति की आस थी, तो कोई वर्षों पुराने दुख-दर्द से राहत की कामना लेकर बाबा के दरबार में पहुंचा।

गांव के समाजसेवी एवं किसान एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि शनिवार रात देवधर्मी की गादी के पंडाजी के हाथों में चमत्कारिक रूप से पानी प्रकट हुआ, जिसके बाद यह मान्यता फैल गई कि देवधर्मी ने एक सप्ताह तक लोगों के दुख-दर्द हरने का वचन दिया है। यह खबर आग की तरह आसपास के गांवों में फैली और रविवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

देवधर्मी की गादी पर लगे दरबार में लोग अपनी-अपनी पीड़ा रखते गए और उन्हें समाधान का मार्ग बताया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां आकर वर्षों पुरानी बीमारियों में राहत मिली, मानसिक कष्ट दूर हुए और जीवन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। आस्था के इस संगम में हर कोई भावविभोर दिखाई दिया।

एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि चंदेरी गांव में देवधर्मी देव भिलट की दो गादी स्थापित हैं, जहां देवता के आगमन से जनसाधारण के संकट कटते हैं। देवधर्मी के पंडाजी हरि सिंह मेवाड़ा एवं उनके साधक राजमल मेवाड़ा आगामी एक सप्ताह तक गादी पर रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि जैसी विपदाओं से गांव की रक्षा का भी वचन दिया गया। इसके साथ ही बाबा ने गो रक्षा करने की बात कही गई। आस्था के इस सप्ताह में फूल सिंह गुर्जर द्वारा भागवत कथा का वाचन होगा, वहीं संतोष पंडित के सान्निध्य में हवन-पूजन संपन्न कराया जाएगा। चंदेरी में उमड़ा यह जनसैलाब यह बताने के लिए काफी है कि आज भी ग्रामीण जीवन में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति लोगों के दुख-दर्द को सहने की ताकत और जीने की नई राह दिखाती है।



# झपटमारी के चार आरोपी गिरफ्तारः बाल अपचारी भी शामिल, चांदी की चेन, नकदी और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की भैरुंदा पुलिस ने झपटमारी के चार आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से एक चांदी की चेन, एक पर्स, नकदी और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। तीन आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं, जिसके चलते उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी को ग्राम धोलपुर निवासी नीलेश राठौर ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। नीलेश ने बताया था कि आरोपियों ने उनसे चांदी की चेन और पर्स सहित 12,000 रुपए झपट लिए थे। इस शिकायत के आधार पर भैरुंदा थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस की एक विशेष टीम ने घटनास्थल से जानकारी जुटाई और कुछ संदिग्धों की पहचान की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से पुलिस ने अरमान खान, आहद खान, मोहम्मद अरशद खान उर्फ मुविन और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले की जांच के दौरान आरोपी आहद द्वारा झपटी गई चेन खरीदने की बात सामने आई, जिसके बाद उस पर चोरी का माल खरीदने की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस ने इस मामले में कुल लगभग 90,000 रुपए का मशरुका जब्त किया है। इसमें एक चांदी की चेन, एक पर्स, 1,000 रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक शामिल है।



### मौनी अमावस्या पर नीलकंठ–कौशल्या संगम में श्रद्धालुओं का सैलाब

# दान-पुण्य व मौन साधनाः कड़ाके की ठंड में भी नहीं डिगी आस्था, मां नर्मदा में लगाई डुबकी

पंचांग के अनुसार इस वर्ष मौनी अमावस्या रविवार 18 जनवरी को रही। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करने से पापों का नाश होता है और आत्मिक शुद्धि प्राप्त होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





माघ मास की अमावस्या तिथि पर मनाई जाने वाली मौनी अमावस्या रविवार को पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाई गई। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। अल सुबह से ही मां नर्मदा नदी के तटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के प्रसिद्ध नीलकंठ स्थित कौशल्या संगम सहित सीलकंठ, सातदेव, छीपानेर जैसे प्रमुख स्नान घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर दान-पुण्य किया और मौन व्रत का पालन करते हुए आत्म-चिंतन में लीन रहे।

पंचांग के अनुसार इस वर्ष मौनी अमावस्या रविवार 18 जनवरी को रही। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करने से पापों का नाश होता है और आत्मिक शुद्धि प्राप्त होती है। इसी विश्वास के चलते सुबह करीब 5 बजे से ही श्रद्धालुओं का नर्मदा घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। घना कोहरा और शीतलहर के बीच भी श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था और भक्ति का तेज साफ नजर आ रहा था। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद आसपास के मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलकामना की प्रार्थनाएं की गईं। नर्मदा तटों पर भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा पारंपरिक श्रद्धा के साथ स्नान करते दिखाई दिए। कई श्रद्धालु दूर-दराज के गांवों और आसपास के जिलों से भी पहुंचे थे। मौनी अमावस्या के महत्व को देखते हुए पूरे क्षेत्र में विशेष धार्मिक माहौल बना रहा। घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और शाम तक स्नान-दान का क्रम चलता रहा। इस बार मौनी अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग रहा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्यों के सफल होने की संभावना अधिक रहती है। इसी कारण कई श्रद्धालुओं ने इस दिन विशेष दान, जप-तप और पितृ पूजा भी की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

प्रमुख स्नान घाटों पर पुलिस प्रशासन, होमगार्ड और गोताखोरों की विशेष तैनाती रही। लगातार निगरानी रखी गई और श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की समझाइश दी जाती रही, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासनिक व्यवस्था के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मौनी अमावस्या पर मौन रहना सबसे बड़ा तप माना गया है। मौन से मन शांत होता है, विचारों में संयम आता है और आत्मा की शुद्धि होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि मौन साधना से वाणी की शुद्धि होती है, पापों का नाश होता है और साधक को आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। यह व्रत मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य और ज्ञानवृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डिगी नहीं। स्नान के बाद कई श्रद्धालु घाटों पर अलाव के पास बैठे नजर आए, तो कुछ ने गर्म पेय और प्रसाद ग्रहण कर ठंड से राहत पाई। स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों का भी सहयोग देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### सुकवि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह आज



**सीहोर।** सुकवि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह उनकी 47वीं पुण्य तिथि 19 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश राय होंगे। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद रामनारायण राठौर को जनार्दन शर्मा स्मृति समान से विभूषित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजन समिति के संयोजक ब्रिजेंद्र जायसवाल ने बताया कि अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई के सौजन्य से यह आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर काव्य गोष्ठी और विचार संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। श्री जायसवाल ने बताया कि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह 19 जनवरी सोमवार को दोपहर 2 बजे से रैंबो प्ले स्कूल स्वामीनारायण मंदिर के पास, स्टेशन रोड के समीप आयोजित होगा। उन्होंने नगर के समस्त साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवी एवं पत्रकार साथियों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट https://mpbse.mponline.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के लिए आवेदन 20 तक

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, किन्तु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

## एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता में भोपाल ने सीहोर को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया

### प्रतियोगिता में 11 गोल करने वाले शुभम निकम बने बेस्ट प्लेयर




**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर रविवार को मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली गई एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एक तरफा रहा, इसमें भोपाल की लेक सिटी फुटबाल टीम ने सीहोर बिल्डअप को 3-0 से हराया और 51 हजार रुपए का पुरस्कार और विजेता ट्राफी अपने नाम की। वहीं उपविजेता सीहोर टीम को 31 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की। इसके अलावा करीब डेढ़ लाख रुपए की इनामी राशि खिलाड़ियों को पुरस्कार के रूप में प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी राधेश्याम विहार कालोनी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

पुरस्कार वितरण के दौरान मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अमित रंजन देव, एचएस नकवी, कमलेश अग्रवाल, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, दीपक गुरुवानी, अरुण राठौर, मनोज कन्नोजिया, मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित मामा, विपिन पवार, विजेन्द्र परमार, ज्योति गौर आदि शामिल थे।

### मैच के 34 वें मिनिट में गोल करने में सफल रही भोपाल

रविवार को दोपहर में खिताबी कांटे के मुकाबले में दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। भोपाल लेक सिटी की टीम ने सीहोर के पियुष थापा के गोल करने के प्रयास को असफल करते हुए मैच के 34 वें मिनिट में भोपाल की ओर से अल्तमश ने गोल किया। इसके बाद कुस्तुभ ने 45 वें मिनिट और तीसरा गोल 60 मिनिट पर भोपाल की ओर से सौरभ ने किया।

### भगवान आदिनाथ के निर्माण दिवस पर की शांतिधारा व महा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्रीआदिनाथ तीर्थधाम अमलाहा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्वाण दिवस पर बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का रविवार को महा मस्तकाभिषेक आचार्य सुबल सागर महाराज के आशीर्वाद से बाल ब्रह्मचारी श्रीपालभैय्या जी के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में किया साथ दीपोत्सव में 48 दीपक से, 108 निर्वाण लाड़ू, 108 कलशों से अभिषेक, शांतिधारा एवं महा अर्चना में हजारों भव्य जनों यहां पुण्यार्जन किया।

## अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी क्रिकेट फाइनल मुकाबले में एसआर क्लब की धमाकेदार जीत




सीहोर। पी.जी.कालेज ग्राउण्ड पर चल रही टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गये सेमीफाईनल जिसमें रोहित यादव और घनश्याम यादव पार्षद प्रतिनिधि द्वारा खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया गया। बीएसआइ एस.आर.क्लब और सीहोर स्कार्पियन के बीच टॉस कराया गया एस.आर.क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में आर्शीवाद ने 31 रन, सोरभ ने 16 रन,राज कुशवाह 16 रन, गोलु 32 रन, ईशु 12 रन और अनसुल ने धमाके दार 43 रन मारते हुए टीम का स्कोर 157 किया। जिसमें पंकज ने 3 विकेट, बकारा और अक्षत ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीहोर स्कारपियन के प्रतीक ने 18 रन, गगन 0 रन ,अभिनव ने 18 रन ,शिव ने 35, पलास ने 6 रन और बकारा ने 30 पुरी टीम ने 10 ओवर में केवल 114 रन ही बनाये। एम्पायर ईधान और विक्की यादव ने सही निर्णय दिये। इसी जीत के साथ एस.आर.क्लब फाईनल मे अपनी जगह बनाई । अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी क्रिकेट फाईनल मुकाबले में एस.आर. क्लब की धमाकेदार जीत

सीहोर। पी.जी.कालेज ग्राउण्ड पर माँ अन्नुपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही टेनिसबाल प्रतियोगिता अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी मुकाबले में पार्षद लेकेन्द्र वर्मा और योगेन्द्र बघेल ने एसआर क्लब और सीहोर जिले की नम्बर वन टीम प्रेमु कम्मू इलेवन का टॉस कराया। एस.आर.क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीर्वाद ने 17 रन, चिक्की ने 24 रन, शाकिव ने 27 रन, राज कुशवाह ने 3 रन और सौरभ ने धमाकेदार 42 की पारी खेलते हुए टीम के लिये 120 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें विमल और सम्मी ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेमु कम्मू इलेवन के विमल 0 रन, सम्मी 8 रन, नन्दु 6 रन, राज राय 7 रन, नीरज नागिन ने वापसी करते हुऐ 29 रन , रानु 20 रन , अन्नी 0 , विशाल 13, पाडया 0, राहुल 7 रन, कम्मू 0 रन बनाकर पुरी टीम 114 रन पर ढेर हो गई और बी.एस.आई. एस.आर.क्लब की धमाकेदार जीत हुई। जिसमें मयंक ने 3 विकेट, जड्डु ने 1 विकेट, राज ने 2 विकट, शाकिब ने 2 विकेट और गोलू ने 1 विकेट लेकर पुरी टीम की कमर तोड़ दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्षद लोकेंन्द्र वर्मा ने बैठक फायनल मैच देखकर कसमकस चलते हुए मैच का आनन्द लिया और दोनों टिमों के कप्तानों से मिलकर उनका स्वागत कर प्रशंसा भी की एवं आगे इसी तरह का प्रदर्शन करने की बात कही। साथ ही गोविन्द मीणा, योगेन्द्र बघेल, संजय राठौर, श्रवण यादव, प्रशांत राठौर, पुरुषोत्तम राय, सिद्धांत, आयूश, कान्हा, बकारा, तुषार राय, सुमित राय, इशु, राजा, जित्तु अमर, अनिल, प्रकाश एवं दोनों टीमों के एम्पायरों व सभी खिलाडिय़ों का भी स्वागत किया गया। पीजी ग्राउण्ड पर बड़ी तदात में उपस्थित भीड़ सेमिफल व फाईनल में का जमकर आनन्द लिया। लोकेन्द्र वर्मा द्वारा मेन आफ दा मैच मयंक साहू, मैन आफ दा सीरिज सौरभ, बेस्ट कैच आशीर्वाद, बेस्ट फिल्डर अंशुल को ट्राफियों से सम्मानित किया गया। विजेता व उपविजेता दोनों टीमों ट्राफी व पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर-2026 का विमोचन




**सीहोर।** प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर–2026 का विमोचन माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रांतीय शिक्षक संघ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए जिले के समस्त शिक्षकों को नववर्ष 2026 के लिए शुभेच्छाएँ दीं।

श्री चौहान ने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव होते हैं। प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, शिक्षक हितों की रक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने संगठन के प्रयासों को प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ म प्र के कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी , जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा किए जा रहें कार्यों को माननीय को बताया इस अवसर संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे। सभी ने माननीय केंद्रीय मंत्री महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं शुभकामनाओं से संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई है।

कार्यक्रम के अंत में संगठन द्वारा शिक्षा हित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर के कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, संजय सक्सेना, बलराम पंवार, प्रदीप नागिया, राजेंद्र परमार, दिनेश मेवाड़ा, हेमंत मालवीय, अर्जुन सिंह, बीपी वर्मा, महेश मालवीय, चंदर वर्मा, अजब सिंह राजपूत, राजेश तिवारी, जयसिंह ठाकुर, नरेश मेवाडा, धर्मेन्द्र ठाकुर, मुकेश मालवीय, आशीष शर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रशासन से मांग की जा रही है कि नर्मदा परिक्रमा पथ को तत्काल साफ-सुथरा कराया जाए

# आस्था पर वारः नर्मदा पथ पर कीचड़ व नालियों का गंदा पानी जमा, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नर्मदा परिक्रमा जैसे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाला एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो तहसील भैरूंदा की ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी का बताया जा रहा है, जिसमें एक नर्मदा भक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए सड़क पर जमा कीचड़ और नालियों के बहते गंदे पानी से बचने के लिए तिरपाल बिछाकर आगे बढ़ता नजर आ रहा है। इस दृश्य ने न केवल स्थानीय प्रशासन बल्कि ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर जगह-जगह नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ है। इसी रास्ते से रोजाना सैकड़ों नर्मदा परिक्रमावासी गुजरते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर दंडवत परिक्रमा करते हैं, लेकिन सड़क पर फैली गंदगी और कीचड़ उनकी आस्था के मार्ग में बाधा बन रही है। वीडियो में एक नागरिक की आवाज भी सुनाई दे रही है, जो ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए कह रहा है कि पवित्र परिक्रमा पथ को इस हालत में छोड़ देना सीधे-सीधे आस्था पर वार है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था और संयम का प्रतीक है। ऐसे में परिक्रमा पथ पर गंदा पानी, कीचड़ और अव्यवस्था न केवल श्रद्धालुओं को शारीरिक कष्ट देती है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी आहत करती है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

वीडियो के सामने आने के बाद नर्मदा परिक्रमावासियों में भी रोष देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो किसी दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। फिसलन भरे रास्ते पर दंडवत परिक्रमा करना श्रद्धालुओं के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

मामले को लेकर प्रशासन से मांग की जा रही है कि नर्मदा परिक्रमा पथ को तत्काल साफ-सुथरा कराया जाए, नालियों की उचित व्यवस्था हो और सड़क पर जमा गंदे पानी की निकासी की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले सरपंच और सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। नर्मदा भक्तों का कहना है कि सरकार और प्रशासन जहां एक ओर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करते हैं, वहीं जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की पोल इस तरह के दृश्य खोल देते हैं। यदि आस्था के मार्ग ही उपेक्षित रहेंगे तो श्रद्धालुओं का विश्वास कैसे कायम रहेगा। अब देखना यह है कि वायरल वीडियो के बाद प्रशासन कब तक जागता है और नर्मदा परिक्रमा पथ की पवित्रता बहाल करने के लिए क्या कदम उठाता है।

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी के सचिव नीलेश शर्मा ने बताया कि जेसीबी से समय-समय पर सफाई की जाती है, लेकिन रेत की ट्रैक्टर-ट्रालियां निकलने से सड़क पर गंदगी हो जाती है।

### खेतों में पहुंचकर जानी कैसी होती है प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली

# छत्तीसगढ़ के 58 सदस्यीय दल ने समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

## सिंचाई परियोजनाओं के सभी पहलुओं को जानने 2 दिवसीय दौरे पर आया है दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा, कुंडालिया प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली की तरफ भारत के अन्य राज्य भी आकर्षित हो रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य से आए 58 सदस्यीय तकनकी दल व कृषकों ने शनिवार को खेतों में ही पहुंचकर इस सिंचाई प्रणाली को विस्तार से जाना एवं समझा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय ने एक दिन पहले ही इस दल को रवाना ्लिपसार कया था। इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री सहाय ने स्वयं प्रेशराइज्ड एरिगेशन सिस्टम का प्रजेंटेशन सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में समझा था। छत्तीगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सिंचाई प्रणाली को शुरू करने इस दल को भेजा गया है। दल शामिल सदस्यों को मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया,



शुभंकर विश्वास ने बारीकी से हर नवाचार से अवगत कराया। इस दल में छत्तीसगढ़ के जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, अधीक्षण यंत्री आलोक अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

### जशपुरा, अंबिकापुरा, कोरबा जिले के किसान सम्मिलित

छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, अंबिकापुर और कोरबा सहित आसपास के अन्य जिलों से आए किसानों और अधिकारियों ने विश्व की इस सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड सिंचाई को बारीकी से समझा। परियोजना के अधिकारीगणों ने किसानों के बीच परियोजना डिटेल साझा की। राजगढ़ जिले की पथरीली जमीन पर सिंचाई होते देख कृषक आश्चर्यचकित रह गए।

### पंप हाउस के तकनीकी पहलुओं को समझा

प्रथम दिवस इस दल ने लगदरिया पंप हाउस, आरबीसी पंप हाऊस से पानी लिफ्ट होता देख किसानों से भी चर्चा की। दल ने पंप हाऊसों के हर तकनीकी पहलू को समझा एवं माचलपुर व अन्य गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की।

### आज कुंडालिया परियोजना का करेंगे भ्रमण

दल में शामिल अधिकारी एवं कृषकगण रविवार को कुंडालिया परियोजना का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वहां किसानों से चर्चा कर फसल लेने के तरीके को भी जानेंगे। इसके साथ ही आपस में पानी का कैसे उपयोग करते हैं, इसको लेकर भी चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व की सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड परियोजना मोहनपुरा, कुंडालिया को देखने के साथ ही ऐसी ही प्रतिकृति छत्तीसगढ़ में भी बनाई जा रही है। वहां इसका नाम बगिया रखा गया है। बगिया परियोजना से दाबयुक्त सिंचाई प्रणाली से 13 गांव सिंचित होंगे वहीं

### जिला कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से किया प्रदर्शन

# मौन धरना देकर इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इंदौर नगर में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मृत्यु मामले को लेकर जिला कांग्रेस ने इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग रखी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को इंका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सम्मुख गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।



केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम एवं स्वरूप में किए गए परिवर्तन को लेकर भी इंकाजनों ने एक अन्य ज्ञापन सौंपा है। इंदौर दूषित पानी के संबंध में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि नगरीय प्रशासन मंत्री इंदौर से हैं। इंदौर महापौर, सांसद, विधायक सभी भारतीय जनता पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में इंदौर में डबल नहीं बल्कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद को दूषित और जानलेवा पेयजल उपलब्ध करवाना सीधे-सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की ओर ईशारा कर रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग रखी कि दूषित पानी से जुड़े इस पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाई जाकर दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के दौरान इंकाईयों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते

### महावीर आश्रम बड़ा बाग से मोटरसाइकिल चोरी

**सुठालिया।** शनिवार को स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग के गेट से दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे विक्रम पिता बलदेव सिंह कुशवाह उम्र 40 वर्ष वार्ड नं 15 परलापुरा निवासी अपनी पत्नी के साथ मंदिर के बहार मोटरसाइकिल खड़ी करके मंदिर में दर्शन करने गया था।20 मिनट पश्चात जब वो दर्शन करके बहार आया तो उसे अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर नहीं मिली। आसपास ढूंढने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## ग्रामीण बैंक ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संस्था के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था की छात्राओं ने चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कुमारी चेतना लववंशी, कुमारी पूर्वा जोशी, कुमारी जय पुष्पद, अनघ जोशी एवं कुमारी दिव्या शर्मा का चयन हुआ। सभी विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। चयनित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक कल्पित खंडेलवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ सदस्य सुदामा कुंभकार, केशव प्रजापति, शिवानी मीणा, सतीश पुष्पद सहित संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से संस्था के प्रबंधक रमेशचंद्र जोशी, संस्था प्राचार्या सुमन जोशी, डॉ. दिव्या जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहन मिला।

## भागवत कथा शुरू नगर में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** नगर के कुशवाह मोहल्ला स्थित श्री राम मंदिर पर श्री मद् भागवत कथा की शुरुआत के पूर्व नगर में भागवत शोभायात्रा निकाली गई। भागवत कथा के आयोजक कुशवाह समाज जीरापुर द्वारा भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमें महिलाएं कलश धारण कर भगवान के भजनों का गुणगान करते चल रही थी।भागवत कथाकार पंडित कमल बिहारी नागर के मुखारविंद से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11बजे तक संगीतमय कथा श्रवण करवाईं जावेगी। 22 जनवरी 26 को विश्राम होगा। नगर में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक आयोजित, गो रक्षा समिति का भी गठन किया



**कुरावर।** हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक कुरावर नगर मार्केट सोसायटी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में विभाग प्रभारी रामबाबू मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में महा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं को राजगढ़ जिले और सीहोर जिले के सभी विभाग और जिला के पद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बढ-चढकर भाग लेने का आह्वान किया गया।

बैठक में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को सनातनी हिंदू धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने अपने क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी संगठन की इकाइयों के माध्यम से समाज को संगठित करने का आह्वान किया गया। बैठक में गो रक्षा समिति का भी गठन किया गया, जिसका उद्देश्य गौ माता की रक्षा करना है। बैठक में जिला संयोजक राजेंद्र सिंह ऊमठ, जिला महामंत्री राजेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री हेमंत सिंह मीणा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ग्राम पीलू खेड़ी, मोइली कला, बिलहरी, कोठरी कला के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन नंद किशोर जायसवाल ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू ने किया।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़



**माचलपुर।** नगर के समीपवर्ती गांव पिपल्या कुल्मी वा उसके आसपास के गांव वासी अपनी स्वास्थ सेवाओं के लिए पिपल्या कुल्मी के स्वास्थ केंद्र पर निर्भर रहते पर यहां के स्वास्थ केंद्र में समय से डाक्टर ना मिल पाने से वह गांव के झोला छाप डाक्टर पर भरोसा कर उनसे ईलाज करवाते हैं। इन डाक्टर के पास ना तो कोई वेध डिग्री ना कोई डिप्लोमा है पर फिर यह बेखौफ होकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर पैसा कमाते रहते हैं। अब देखना है इन डाक्टर महोदय पर जिम्मेदार क्या कार्यवाही करते हैं। इस बारे पिपल्या में डाक्टरी कर लोगो का ईलाज कर रहे सुरेश शर्मा से जब उनकी डिग्री के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा की एलोपैथी होम्योपैथी और आयुर्वेद तीनो से ईलाज करता हु जब इस बारे में ब्लाक चिकित्सा अधिकारी से बात की तो उनका गैर जिम्मेदाराना बयान सामने आया अब देखना है की क्या इस तरह के झोला छाप लोगो की जान से खिलवाड़ करते रहेंगे या कुछ कार्यवाही होगी।

### इनका क्या कहना है

पता नहीं उनके पास कौन सी डिग्री है। कभी उधर जाएंगे तो देखेंगे।

**सुनील चौरसिया**, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी जीरापुर

## शिक्षक हुए सम्मानित नगर का गौरव बढ़ा



**खुजनेर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए धार के खेल प्राधिकरण में जनजाति कार्य विभाग एवं सक्षम द्वारा आयोजित कार्यशाला में रवि यादव को महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) सावित्री ठाकुर सहायक संचालक आनंद पाठक जनजातीय कार्य विभाग भोपाल( म. प्र.शासन), सहायक आयुक्त नरोत्तम वरकडे जनजाति कार्य विभाग धार के द्वारा सम्मानित किया गया केंदीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सम्मानित शिक्षको को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षक के द्वारा जनजाति क्षेत्र के विद्यालय में नवाचार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए आगे भी इस ही तरह उत्कृष्ट कार्य करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक पहल हमेशा जारी रखने को कहा रवि यादव धार जिले के ब्लॉक धरमपुरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय उमरिया में पदस्थ है सम्मानित होने पर परिवार एवं मित्रों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# यात्रा में सम्मिलित होने घर घर दिया जा रहा न्योता

## 84 हनुमान दर्शन व मां जालपा पर्वत परिक्रमा यात्रा

**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी दिनों में राजगढ़ नगर एवं आसपास क्षेत्र स्थित 84 हनुमान मंदिरों एवं देवीय शक्तिपीठ मां जालपा पर्वत परिक्रमा का आयोजन किया जाना वाला है। क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रही अपनी तरह की इस यात्रा में सम्मिलित होने आयोजकों द्वारा नगर के प्रत्येक घर में आमंत्रण-पत्र वितरित करते हुए न्यौता दिया जा रहा है।



यात्रा संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि 24 से 29 जनवरी तक नगर स्थित विभिन्न 84 हनुमान मंदिरों की यात्रा श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही अंतिम दिवस 30 जनवरी को मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का कार्यक्रम रखा गया है। प्रथम दिवस गणेशजी की छत्री स्थित हनुमान मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। इस तरह प्रतिदिन 12 से 13 हनुमान मंदिरों की यात्रा करते हुए कुल 84 हनुमान मंदिरों के दर्शन किए जाएंगे। इस यात्रा के लिए नगर के सेवाभावी युवकों, समाजसेवियों सहित अन्य द्वारा बीते कई दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां

## भागवत कथा शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** श्री बागवाला हनुमान मंडल एवं महिला मंडल के तत्वाधान में श्री मद् भागवत कथा का आयोजन बागवाले हनुमान मंदिर गोपचौहानजी परिसर में शुरू हुआ। भागवत कथा की शोभायात्रा नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर रामलीला चोक से धूम-धाम से शुरू हुई जिसमें महिलाएं मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं राम कृष्ण की झांकियां सजाई गई जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी। महिलाएं एवं युवा वर्ग ईश्वर के भजनों में झुमते नृत्य करते चल रहे थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। प्रतिदिन भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक पं. सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रवण करवाईं जावेगी जिसमें प्रथम दिवस पं. सोनू शर्मा ने भागवत कथा के श्रवण करने से मनुष्य को कष्टों से छुटकारा मिलता है भागवत कथा कि महिमा प्रतिपादित कर शुरुआत के प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया। जहां पर बडी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

## भारतीय किसान संघ तिसई ने भारत माता पूजन का आयोजन किया

**सारंगपुर।** भारतीय किसान संघ ग्राम समिति तिसई द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम तिसई में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया तथा राष्ट्रभक्ति के जयघोष लगाए गए।



कार्यक्रम के दौरान ग्राम समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों, किसानों की समस्याओं तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कृषक किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील मंत्री बद्रीलाल पाल, देव सिंह पाल, पहलाद सिंह, सरपंच रमेश चंद्र भिलाला, राधेश्याम पाल, कनवर लाल यादव, दीपक पाल, धारा सिंह पाल,धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पाल एवं भंवरलाल पाल सहित बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान संघ सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता आया है और आगे भी संगठन किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएगा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का

# संघ के शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में हिंदू सम्मेलन, तैयारियां अंतिम चरण में



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर नगर में कृषि उपज मंडी परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

इस हिन्दू सम्मेलन को महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा पूरी महाराज (वर्षा दीदी), श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। उनके प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन के पश्चात समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर सहभागिता करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। वहीं पूरे नगर को भगवा पताकाओं, बैनर एवं पोस्टरों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं उत्सवमय बन गया है। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों में भी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिकों द्वारा आह्वान किया गया है कि सम्मेलन के दिन पूरा नगर बंद रहेगा, तथा सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखकर हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा। सारंगपुर नगर में होने वाला यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

### एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को दिए तल्ख निर्देश

# राजस्व मामलों की पेंडेंसी पर सख्त नजर आए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा शनिवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों में पेंडेंसी नजर आने पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को तल्ख निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रिकॉर्ड दुरुस्ती को गंभीरता से लेने तथा जारी किए जाने वाले सभी आदेशों में पूर्ण स्पष्टता रखने के निर्देश दिए।

नामांतरण प्रकरणों में कुछ तहसीलदारों के निम्न प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 80 प्रतिशत से कम डिस्पोजल स्वीकार्य नहीं होगा। भूमि आवंटन के मामलों में भूमि आवंटित होते ही संबंधित हितग्राहियों को तत्काल एवं स्पष्ट सूचना देने की बात उन्होंनक कही। वसूली प्रकरणों की समीक्षा के दौरान प्रभावी प्लानिंग के साथ वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। खनन क्षेत्रों की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यदि स्वीकृत लीज क्षेत्र से अधिक खुदाई की गई है, तो उसे अतिक्रमण मानते हुए संबंधित से अतिक्रमण शुल्क की वसूली की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि नगरीय निकायों में संचालित खातों की जानकारी संकलित कर लाइन लिस्टिंग के माध्यम से भेजें। एसडीएम ब्यावरा को वसूली की ठोस योजना



बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### हल्कावार मॉनिटरिंग करने दिए निर्देश

किसान रजिस्ट्री में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने असंतोष व्यक्त करते हुए हल्कावार नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में शीघ्र केस बनाकर प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही कितने मामलों

## खबर संक्षेप

### धर्म और लोक व्यवहार भेद को समझाया

**सीहोर।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि "आष्टा के श्रद्धालुओं का अत्यंत पुण्य है कि हमारे अल्प प्रवास काल में एक-दो नहीं, बल्कि तीन-तीन बड़े धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए।"उन्होंने कहा कि यह सब नगरवासियों के पूर्व पुण्य और धर्म के प्रति गहरी आस्था का परिणाम है। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गृहस्थ भी निश्चय धर्म का ध्यान कर सकता है। वर्तमान समय में चौथे आत्मा वाले जीवद्रव्य के गुणों का गुणगान कर सकते है और यही वास्तव में तीर्थंकरों का सच्चा गुणगान है।उन्होंने कहा कि लोक व्यवहार में कई बार व्यक्ति मिथ्यादृष्टि का भी सम्मान कर लेता है, किंतु उसमें प्राणी मात्र के प्रति सम्यक दृष्टि का भाव नहीं होता, इसलिए धर्म और व्यवहार का अंतर समझना आवश्यक है। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि व्यवहार धर्म और लोक धर्म में मूलभूत अंतर है।यदि इस अंतर को जीवन में आपने समझकर अपनाया तो व्यक्ति अशुभ कर्मों से बच सकता है और उसका जीवन शांतिपूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि रत्नात्रय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यकचारित्र देव, शास्त्र और गुरु की आराधना यही वास्तविक धर्म है।वहीं मानव सेवा, समाज सेवा और देश सेवा लोक व्यवहार हैं, उन्हें धर्म के साथ मिलाना भ्रम उत्पन्न करता है। दोनों में भेद न रखने से व्यक्ति धीरे-धीरे धर्म से दूर होता चला जाता है।
मुनिश्री ने कहा कि गृहस्थ जीवन में किए जाने वाले कार्य यदि पिच्छिका-कमंडल धारण कर किए जाएँ, तो वह अनुचित है।

### कोठरी और खाचरोद में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजित, निकाली कलश यात्रा

# जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई के नारों के बीच समरसता भोज का आयोजन

जात-पात छोड़कर एक साथ मिलकर अपने धर्म के प्रति जागरूक होने किया आह्वान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी/खाचरोद





रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन कोठरी नगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचमुखी हनुमान मंदिर पठार कलश यात्रा से बैंड के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं नागरिक सम्मिलित हुए नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए बड़ा बाजार कोठरी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। बड़ा बाजार स्थित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्य से हिंदुओं को जागने का काम किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गौ माता की पूजा तत्पश्चात भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा कर पूजा कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। वक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एवं अपने वक्तव्य से देश प्रेम की भावना को जागृत किया। सभी को जात-पात छोड़कर एक साथ मिलकर अपने धर्म के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया, तथा नारा दिया गया की जात-पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई-भाई के नारे लगाए गए वहीं कलाकारों द्वारा शानदार भजन एवं राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सर्व समाज द्वारा विशाल भोजन व्यवस्था भंडारे का आयोजन भी किया गया। जात पात से ऊपर उठकर सभी हिन्दू धर्म के महिलाओं व पुरुषों ने एक साथ बैठकर भोजन भंडारे का आनंद लिया। मुख्य वक्ता में ऋचा शास्त्री कन्या गुरुकुल अधीक्षिका मोहन बड़ोदिया, महंत धर्मदास रामनगर, उद्धव दास महाराज टिपाखेड़ी, गोविंद ठाकुर सह जिला कार्यवाह जिला सीहोर प्रशांत गुप्ता आष्टा नगर प्रचारक रहे। मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में हिंदू समरसता और एक होने की बात के साथ संघ शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन पर जोर दिया संगठित हिंदू समर्थ भारत ओर राष्ट्रीय ता पर जोर दिया गया साथ ही गौ उत्पाद एवं महापुरुषों की प्रदर्शनी भी कार्यक्रम के महत्व को बता रही थी। अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कोठरी नगर के नगर वासियों ने एक साथ समरसता भोज भी किया।

### हिंदू सम्मेलन के पूर्व खाचरोद में निकली कलश और शोभा यात्रा



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को ग्राम खाचरोद में हिंदू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन किया। आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन के पूर्व ग्राम में कलश और शोभायात्रा निकली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में शामिल होकर शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। बिजली घर हनुमान मंदिर से गाजे बाजे ढोल धमाके व ग्राम अवालीखेडा पधारे हिंदू भाइयों ने ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए कलश यात्रा में रंग भर दिए। कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर गौ माता का पूजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में संत तरुण मुरारी बापू ने कहा कि हिंदुओं को अब जागना होगा नहीं तो इतिहास फिर दोहराया जाएगा। आज सनातन धर्म में हिंदुओं को जगाने के लिए हिंदुओं को सम्मेलन करने पड़ रहे हैं, यह चिंता का विषय है। जब समाज उदासीन होता है तब गुलामी की ओर जाता है। उन्होंने जात-पात ऊंच नीच छोड़कर एकजुट रहने का अहवान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक व पूर्व जिला अध्यक्ष ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए एक संगत एक पंगत लव जिहाद गो रक्षा हिंदुओं को जागने के ऊपर प्रकाश डाला। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत क्षेत्र के सभी हिंदू भाइयों द्वारा किया गया। इस मौके पर समरसता भोज का आयोजन किया। जहां पर खाचरोद, खामखेड़ा, नानकपुर, लसुडलिया विजय सिंह, कन्नौज शिवजी, बडघाटी, रोलागांव, छापर गुवाहडिया, बड़कोला, रामपुरा, आवली खेड़ा, नोमानिया, उदयपुर आदि गांव के हिंदू भाई उपस्थित थे। इस सफल आयोजन में खाचरोद, लसूडिया विजय सिंह, रामपुरा कला मंडल के सभी हिंदू भाइयों का सहयोग रहा।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत डोडी में भव्य हिंदू सम्मेलन एवं समरस भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व समाज जागरण के उद्देश्य से हनुमान विनायक बजरंग मंडल,मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान गूंजते धार्मिक जयघोषों से संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए भगवानसिंह सह विभाग कार्यवाह राजगढ़ ने कहा कि हिंदू समाज को अब जागृत और संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि यदि समाज संगठित नहीं होता है तो इतिहास स्वयं को दोहराता है।

जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव को त्याग कर एकजुट रहने का आह्वान करते हुए उन्होंने चेताया कि समाज की उदासीनता ही गुलामी और आक्रमण का मार्ग प्रशस्त करती है।एवं संत धर्मेंद्र जी अग्नि होत्री का समाज को एकजुट एवं अपनी आने वाली पीढ़ी को सनातन की शिक्षा देने का आशीर्वाद दिया सम्मेलन में वक्ताओं ने सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित में संगठित प्रयासों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। आयोजन को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की तैयारियों में विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे।इस अवसर पर संपूर्ण नगर को भगवा ध्वजों एवं बैनरों से सजाया गया, जिससे धार्मिक एवं उत्सवपूर्ण वातावरण बना रहा।

सम्मेलन के पश्चात समरस भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों एवं समाज के लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता पर आधारित भावनात्मक प्रस्तुति दी गई। एक बालक द्वारा सुदामा की भूमिका निभाई गई, जिसमें भगवान कृष्ण द्वारा सुदामा के आँसू पोंछने एवं पुष्पों से स्वागत का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस मार्मिक प्रसंग को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं और पूरा परिसर "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा।सभी धर्मों, जातियों एवं हिंदू समाज के लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए समिति एवं आयोजकों को धन्यवाद दिया।

# तपोभूमि देवबड़ला में मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्व धरोहर देवांचल धाम देवबडला बीलपान में पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर बाबा विलवैश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख व समृद्धि के लिए मंगल कामना की मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी व कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया माघ मास की अमावस्या जिसे मौनी अमावस्या कहते हैं। यह योग पर आधारित महाव्रत है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान, दान आदि पुण्य करने के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा करने का भी खास महत्व है। मान्यता है कि इससे सौभाग्य बढ़ता है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार, शिवलिंग पर कुछ विशेष पत्ते अर्पित करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं और आर्थिक तंगी भी दूर हो सकती है। मौनी अमावस्या का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व होता है। इस तिथि पर मौन रहकर स्नान, दान करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। माघ मास में पड़ने वाली अमावस्या तिथि पर भगवान शिव की पूजा अवश्य करनी चाहिए। साथ ही, इस दिन सुबह स्नानादि करके शिवलिंग का अभिषेक करें उन्हें आंकड़े के पत्ते अर्पित करें। आंकड़े के पेड़ का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व है। इसे बहुत शुभ और पवित्र माना जाता है। आंकड़े के पत्ते और फूल भगवान शिव को बेहद प्रिय हैं। ऐसे में अमावस्या के दिन शिवलिंग पर आंकड़े के पत्ते जरूर चढ़ाएं।

# कथावाचक का एसआर परिवार ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





ग्राम खड़ी हाट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा प्रवक्ता कविता दीदी का राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में संस्था संचालक मनीष वर्मा और उनके साथ समस्त स्टाफ ने प्रतिक चिन्ह भेंट कर और साफा बांधकर स्वागत किया। इस उपलक्ष्य में लखन सिंह ठाकुर, लखन वर्मा, गिरिराज वर्मा, रविंद ठाकुर रानू वर्मा, शिवानी वर्मा, अल्का वर्मा, रानी वर्मा, पूर्ति पटेल, आरती विश्वकर्मा द्वारा दुप्पटे पहना कर स्वागत किया गया।

कथा के पंचम दिवस में व्यासपीठ से संबोधित करते हुए कविता दीदी ने कहा की बेटी का कभी अपमान ना करें। हमारा देश आदिकाल से मातृ प्रधान रहा है, शास्त्रों में भी प्रमाण है। सीताराम राधेश्याम कोशल्या नंदन सुमित्रानंदन आदि आदि प्रमुख रहे है। गलत खान-पान की वजह से अपराध बढते है। बेटियो को भी अश्लील वीडियो से आधे कपड़े पहनकर अश्लील गानों पर नाचने से बचाए। सोशल मीडिया में प्रसिद्ध होने के चक्कर में अपनी असमियत ना परोसे। कथा में कृष्ण जन्म, कृष्ण, लीला इंद्र का अहंकार, मर्दन गोवर्धन पूजा, भगवान शंकर द्वारा श्रीकृष्ण बाल रूप के दर्शन का सुंदर वर्णन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मीचंद वर्मा, सीताराम वर्मा अध्यापक, मनोहर सिंह पटेल सरपंच, रमेश टोपा, राजेंद्र प्रसाद दादा, सतीश वर्मा, राजेश पटेल, मनीष वर्मा और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# मन में आए विचारों को कागज पर उतारकर कक्षा 11वीं की छात्रा ने लिखी 25 से ज्यादा कविताएं

## देश भक्ति से लेकर सामाजिक परिवेश पर बनाई रचनाओं ने दी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खाली समय बैठे बैठे सोच कर उसे भूल जाना अक्सर कई लोगों की आदत होती है। लेकिन सोचने की इस आदत ने एक 11 की छात्रा को कविताएं लिखने के लिए प्रेरित किया। छात्रा के मन में जैसे ही कोई बात या कोई घटना सोचने में आती है तो वह तुरंत कॉपी और पेन लेकर लिखने बैठ जाती है। जिसने महज कुछ महीनों में ही करीब 25 से ज्यादा कविताएं लिख दी। हम बात कर रहे है, सीहोर जिले के ग्राम अमलाह निवासी मोहम्मद युसूफ सिद्दीकी, सबीना बानो की कक्षा 11 में पढ़ने वाली 17 वर्षिय बेटी सिदरा सिद्दीकी की। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है, उन्होने बताया कि मेरी बड़ी बहन जैसी खुशबू रघुवंशी ने मुझे कविताएं लिखने के लिए हमेशा प्रेरित किया। जिसके बाद लडकी के जीवन, समाज, विदाई, देश भक्ति सहित कई विषयों पर कविताएं लिखना शुरू किया। सिदरा ने बताया कि कविता लिखने के लिए माइंड में जब भी कोई थोड आते ही वह कविता लिखना शुरू कर देती है, सामाजिक स्तर और स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों में वह अपनी कविताओं की प्रस्तुति देती है, उन की कविता सुन कर लोग अचंभित हो जाते है। सिदरा ने बताया कि चाची अक्सा सिद्दिकी और डॉक्टर अनीस खान ने भी जब उन की कविताएं सुनी तो उन्होने में भी मुझे इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उत्साहवर्धन करते है।

### कपड़ा व्यवसाई अमित मोटवानी का निधन

**आष्टा।** नगर के कपड़ा व्यवसायी धर्मेंद्र मोटवानी के सुपुत्र तथा चिमन मोटवानी, हीरालाल, हरीश, लालबहादुर, प्रदीप, सुरेश एवं चंचल मोटवानी के भतीजे और जीतू, विक्की, पवन एवं बिट्टू मोटवानी के भाई युवा कपड़ा व्यवसाई अमित मोटवानी का शनिवार को हृदयगति रुकने से आकस्मिक एवं दुखद निधन हो गया। नके असामयिक निधन से मोटवानी परिवार सहित व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। अंतिम यात्रा उनके निज निवास साईं कॉलोनी, अन्नपूर्णा नगर से निकाली गई, जिसमें समाजजन, व्यापारिक साथी एवं नगर के बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

# खिलाड़ी हार से विचलित ना हो, जीत के बाद अहंकार से भी दूर रहें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्या आपने विचार किया या सोचा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खेल महोत्सवो का आयोजन पूरे देश की सभी लोकसभा क्षेत्रों में क्यों आयोजित किये है,ये आयोजन क्यो हो रहै है। इसके पीछे प्रधानमंत्री की जो दूरगामी सोच है वो ये की देश का युवा स्वस्थ हो,अनुशासित हो तथा हमारे ग्रामीण अंचलों में जो छुपी और दबी खेल प्रतिभाए है उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्राप्त हो ताकि वे छुपी प्रतिभाएं उभर कर आये और आगे जा कर अपने प्रदेश,देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका सके । खिलाड़ी हमेशा एक बात का ध्यान रखे की वे हार से दुखी और विचलित ना हो तथा जीत के अहंकार में ना डूबे उक्त उदगार आष्टा के डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर आयोजित देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में आष्टा विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए कहे।

सभी खेलों जैसे कबड्डी,रस्सा खेंच,दौड़, बॉलीबाल,खो खो,आदि को इस सांसद खेल महोत्सव में शामिल किये गये है । आज आष्टा में आप सभी खेलो के खिलाड़ी अपनी अपनी टीम के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं । आप सभी को मैं अग्रिम शुभकामनाएं। सभी खिलाड़ी टीम भावना से और दृढ़ विश्वास के साथ अपने खेलों का प्रदर्शन करें यही में उम्मीद करता हु। अपने उदबोधन में देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की खुले मंच से प्रशंसा करते हुए कहा की विधायक के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में बहुत ही अच्छी व्यवस्थाएं यहां पर सभी ने मिल कर की है, सभी अधिकारियों ने भी बहुत अच्छी मेहनत की है। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि खेल महोत्सव होते रहना चाहिए।विधायक इंजीनियर ने कहा की आप सभी खिलाड़ी नए उभरते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के युवा खिलाड़ी है । हमारे खिलाड़ी जो ग्रामों में निवास करते है तथा उन्हें अपने खेल के प्रदर्शन के लिए एक उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पाता था । इसकी चिंता देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने की ओर विभिन्न प्रकार के खेलों की ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को उभारने उन्हें प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शन के लिए ही यह सांसद खेल महोत्सवों का आयोजन किया है । सांसद खेल महोत्सव के मंच से उभर कर हमारे ग्रामीण क्षेत्रो के खिलाड़ी प्रतिभाएं उभर कर आयेंगी ओर ये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचेंगे ऐसी मेरी शुभकामनाएं है । आप सब अच्छा खेले,जमकर खेले । जीत और हार की चिंता ना करें खेलो में ये एक सिक्के के दो पहलू होते है। आप सब केवल अपने खेल के प्रति ध्यान दे,खेल में आप 100% किस प्रकार अच्छे से अच्छा दे सके उसकी चिंता करें। विधायक ने सभी खिलाड़ियों को नये राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आव्हान किया।

समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को,टीमो को सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी,विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं की सहभागिता करा कर पुरुष्कारो का वितरण किया। इस अवसर पर सभी सहयोगी विभागों के विभाग प्रमुखों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी,सभी संस्थाओं के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी अधिकारी कर्मचारी खिलाड़ी, शिक्षक तथा विद्यालयों की एवं ग्रामों की टीम के खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र जैन-अमित व्यास ने किया एवं अंत में आभार बाबूलाल पटेल ने व्यक्त किया।

### ग्राम खड़ी हाट में पंचम दिवस की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

# गलत खान-पान की वजह से देश मे बढ़ रहे अपराध: कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ग्राम खड़ीहाट में चलरही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस में व्यासपीठ पर बिराजी कथा वाचक कविता दीदी ने संबोधित करते हुए कहा की बेटी का कभी अपमान ना करें हमारा देश आदिकाल से मातृ प्रधान रहा है शास्त्रों में भी प्रमाण है सीताराम
राधेश्याम कोशल्या नंदन सुमित्रानंदन आदि आदि। आज गलत खान पान की वजह से देश मे अपराध बढ रहे है। बेटियो को भी फूहड़ वीडियोगीतों पर आधे कपड़े पहन कर अश्लील गानों पर नाचने से बचना चाहिये।

आज का युवा युवतियां सोशल मीडिया में जल्दी प्रसिद्ध होने के चक्कर में अपनी आस्मियत को ना परोसे । भागवत कथा में आज कृष्ण जन्म, कृष्ण लीला, इंद्र का अहंकार मर्दन, गोवर्धन पूजा, भगवान शंकर द्वारा बालकृष्ण के दर्शन का सुंदर वर्णन किया गया। कथा के प्रारम्भ मे एसआर पब्लिक स्कूल की ओर से पूजनीय दीदी का स्वागत किया गया । इस अवसर पर कथा का श्रवण करने के लिए भुरू भाई मुकाती अध्यक्ष हिन्दू उत्सव समित आष्टा, धारासिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मानसिंह इलाही जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, धरम सिंह आर्य, सुनील कुमार आर्य मण्डल अध्यक्ष मेना, कृपाराम मितवाल, विष्णु परमार ,किशोर डांगर अजनोद, गलतन डांगर अजनोद,सहित चामसी,टीटोरिया, बैजनाथ, डुका, चनोठा आदि गाँव से सेकड़ो की संख्या मे श्रद्धांलु जन कथा का रसपान करने पहुचे ।